सेवा में,
सभी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कर्मचारी

**विषय: भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कर्मचारी सहकारी बचत एवं ऋण समिति लिमिटेड, नई दिल्ली की सदस्यता ग्रहण करने हेतु आमंत्रण**

**प्रिय साथियों,**

आप सभी को यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कर्मचारी सहकारी बचत एवं ऋण समिति लिमिटेड, 28-ए, ई.सी. ई हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस नई दिल्ली-110001 का पंजीकरण (पंजीकरण संख्या 139) दिनांक 09-03-1931 को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बर्मासैल) के कर्मचारियों द्वारा आपसी सहयोग, बचत तथा आर्थिक सहायता के उद्देश्य से किया गया था। समिति का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के बीच बचत की भावना को बढ़ावा देना तथा आवश्यकता के समय सरल एवं किफायती ऋण सुविधा उपलब्ध कराना है। हम सभी कर्मचारियों से विनम्र अनुरोध करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में समिति के सदस्य बनें, जिससे यह कर्मचारी हितैषी संस्था और अधिक सशक्त बन सके।

## मासिक अंशदान

प्रत्येक सदस्य के वेतन से प्रति माह ₹2500/- (दो हजार पाँच सो रुपये) की कटौती की जाएगी, जो सदस्य की स्वयं की जमा राशि होगी और ₹2500/- प्रति माह की यह कटौती न्यूनतम अंशदान है। यदि कोई सदस्य अपनी इच्छा से अधिक राशि जमा करना चाहता है तो वह स्वेच्छा से अपने वेतन से अधिक कटौती भी करवा सकता है। निकासी खाते तथा अनिकासी खाते पर 6 % वार्षिक ब्याज दिया जाता है, जबकि सामान्यतः बैंकों के बचत खाते में लगभग ढाई से तीन प्रतिशत तक ही ब्याज दिया जाता है।

## ₹2500/- जिसका विविरण इस प्रकार से है।

### शेयर खाता

* प्रति माह ₹500 शेयर खाते में जमा किए जाएंगे।
* शेयर खाते में अधिकतम राशि ₹20,000 तक ही जमा की जाएगी।
* ₹20,000 से अधिक राशि इस खाते में जमा नहीं की जाएगी।
* जब तक सदस्य समिति का सदस्य रहेगा, तब तक वह शेयर राशि नहीं निकाल सकेगा।
* शेयर खाते पर मिलने वाला लाभांश वार्षिक रूप से निकासी खाते (विदड्रॉल खाता) में जमा कर दिया जाएगा।
* लाभांश का प्रतिशत समिति के वार्षिक शुद्ध लाभ के अनुसार सामान्य सभा (AGM) की बैठक में निर्धारित किया जाएगा।

## निकासी खाता (विदड्रॉल खाता)

* इस खाते में प्रति माह ₹750 जमा किए जाएंगे।
* निकासी खाते तथा अनिकासी खाते पर मिलने वाला 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज इसी खाते में जमा किया जाएगा।
* इस खाते में जमा राशि में से सदस्य ₹50 न्यूनतम शेष राशि छोड़कर शेष राशि निकाल सकता है।

## अनिकासी खाता (नॉन-विदड्रॉल खाता)

* इस खाते में प्रति माह ₹1250 जमा किए जाएंगे।
* इस खाते में जमा राशि तब तक नहीं निकाली जा सकती जब तक सदस्य समिति का सदस्य है।

## ऋण सुविधा

समिति अपने सदस्यों को अधिकतम ₹6,00,000 तक ऋण सुविधा प्रदान करती है:

* ₹3,00,000 – सामान्य ऋण
* ₹2,00,000 – आपातकालीन ऋण
* ₹1,00,000 – उत्सव ऋण

तीनों प्रकार के ऋणों की वसूली अवधि 60 माह होगी तथा ऋण पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लिया जाएगा यदि कोई सदस्य 60 माह से पहले सेवानिवृत्त हो जाता है, या किसी कारणवश कंपनी छोड़ देता है, अथवा मृत्यु हो जाती है, तो उसकी शेष बकाया राशि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन से मिलने वाले देयों से समिति द्वारा वसूल कर ली जाएगी।

## गारंटी / साक्षी

- सामान्य ऋण के लिए दो कर्मचारियों की गारंटी तथा दो कर्मचारियों के साक्षी आवश्यक होंगे।
- आपातकालीन तथा उत्सव ऋण के लिए एक कर्मचारी का साक्षी आवश्यक होगा।
- ऋण प्राप्त करने के लिए सदस्य के शेयर खाते में कम से कम ₹20,000/- जमा होना अनिवार्य होगा।

## सदस्यों की राशि की सुरक्षा

जब भी कोई कर्मचारी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड से सेवानिवृत्त होता है, या किसी कारण से कंपनी छोड़ता है, अथवा मृत्यु हो जाती है, तब भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कर्मचारी के देयों का भुगतान करने से पहले समिति से अनापत्ति प्रमाण पत्र (नो-ड्यू प्रमाण पत्र) प्राप्त करता है। समिति द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के बाद ही कर्मचारी को उसके

सेवानिवृत्ति लाभ, ग्रेच्युटी अथवा अन्य देय राशि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा प्रदान की जाती है।

## समिति का संचालन

दिल्ली सहकारी अधिनियम एवं नियमों के अनुसार समिति में प्रबंध समिति का चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार कराया जाता है।

**इस प्रबंध समिति में कुल 11 सदस्य होते हैं:**
* 1 अध्यक्ष
* 1 उपाध्यक्ष
* 2 महिला सदस्य
* 7 पुरुष सदस्य

**निर्वाचन के बाद ये सभी सदस्य आपस में मिलकर:**
* 1 सचिव
* 1 संयुक्त सचिव
* 1 कोषाध्यक्ष का चयन करते हैं।

**इस प्रकार समिति का संचालन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है, जिससे सभी सदस्यों की जमा राशि सुरक्षित रहती है।**

**अतः आप सभी से विनम्र निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में समिति की सदस्यता ग्रहण करें और इस कर्मचारी हितैषी संस्था को और अधिक सशक्त बनाने में सहयोग दें।**

## सदस्यता संबंधी नियम

समिति के उपनियमों के अनुसार केवल भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कर्मचारी ही ₹1/- देकर इस समिति के सदस्य हो सकते हैं जब कोई सदस्य सेवानिवृत्त हो जाता है या किसी कारण से कंपनी छोड़ देता है, तो वह समिति का सदस्य नहीं रह सकता क्योंकि वह कंपनी का कर्मचारी नहीं रहता।

## नई सदस्यता प्रक्रिया (Apply Membership)

1. वेबसाइट: www.bpcsocietynr.in पर जाएं
2. Apply Membership विकल्प पर क्लिक करें
3. अपना **EDP** नंबर दर्ज कर **Submit** करें
4. फॉर्म खुलने पर अपना पूरा विवरण ध्यानपूर्वक जांचें
5. नाम बैंक रिकॉर्ड के अनुसार ही भरें (गलत नाम होने पर भविष्य में भुगतान में समस्या हो सकती है)

6. फॉर्म Submit करके प्रिंट निकालें, फोटो चिपकाएं, स्वयं हस्ताक्षर करें एवं Line Manager/इंचार्ज से सत्यापित कराएं, BPCL ID कार्ड एवं Salary Slip संलग्न करें
7. सोसाइटी कार्यालय में डाक द्वारा जमा करें
8. आप किसी भी जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है

श्री राजेश शर्मा (प्रबंधक),
# 9541254610, www.bpcsocietynr.in,
bharatpetroleumsocietynr@gmail.com

**विशेष लाभ:** अतिरिक्त ₹5000 (कॉमन गुड वेलफेयर अकाउंट से) दिया जाएगा

 यह लाभ केवल सेवानिवृत्ति या मृत्यु की स्थिति में ही मिलेगा

 यह लाभ केवल लगातार 10 वर्ष की अटूट सोसायटी सदस्यता होने पर ही लागू है।

 यदि सदस्य बीच में त्यागपत्र देता है या BPCL सेवा छोड़ता है, तो यह लाभ देय नहीं होगा

**धन्यवाद।**
सादर

**अध्यक्ष / सचिव**
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कर्मचारी सहकारी बचत एवं ऋण समिति लिमिटेड
28-ए, ई.सी. ई हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस नई दिल्ली -110001

To,
All Employees of Bharat Petroleum Corporation Limited

**SUBJECT: INVITATION FOR MEMBERSHIP OF BHARAT PETROLEUM CORPORATION EMPLOYEES CO-OPERATIVE THRIFT & CREDIT SOCIETY LTD., NEW DELHI -REG.**

**Dear Colleagues,**

We are pleased to inform you that Bharat Petroleum Corporation Employees Co-operative Thrift & Credit Society Ltd., located at 28-A, E.C.E. House, Kasturba Gandhi Marg, Connaught Place, New Delhi-110001, was registered (Registration No. 139) on 09-03-1931 by the employees of Bharat Petroleum Corporation Limited (Burmah Shell) with the objective of mutual cooperation, savings, and financial assistance. The primary objective of the society is to promote the habit of savings among employees and to provide simple and affordable loan facilities at the time of need. We humbly request all employees to become members of the society in maximum numbers so that this employee welfare institution can be further strengthened.

**MONTHLY CONTRIBUTION**

A sum of ₹2500/- per month will be deducted from the salary of each member, which will be treated as the member's own savings. This ₹2500/- per month is the minimum contribution. If any member wishes to contribute more, they may voluntarily opt for higher deductions from their salary. An interest of 6% per annum is provided on both Withdrawal and Non-Withdrawal Accounts, whereas generally bank savings accounts provide only around 2.5% to 3% interest.

**Break-up of ₹2500/- Contribution**

**SHARE ACCOUNT**

- ₹500 per month will be deposited
- Maximum limit of ₹20,000
- No amount beyond ₹20,000 will be deposited
- Share amount cannot be withdrawn during membership
- Dividend will be credited annually to the Withdrawal Account

- Dividend rate will be decided in the AGM based on net profit

## WITHDRAWAL ACCOUNT

- ₹750 per month will be deposited
- Interest (6%) from both accounts will be credited to this account
- Member can withdraw amount by maintaining a minimum balance of ₹50

## NON-WITHDRAWAL ACCOUNT

- ₹1250 per month will be deposited
- Amount cannot be withdrawn during membership

## LOAN FACILITY

**The society provides loan facility up to ₹6,00,000:**

- ₹3,00,000 – General Loan
- ₹2,00,000 – Emergency Loan
- ₹1,00,000 – Festival Loan
- Interest Rate: 9% per annum
- Repayment Period: 60 months

**If a member retires, resigns, or in case of death before repayment, the outstanding loan amount will be recovered by the society from the dues payable by Bharat Petroleum Corporation Limited.**

## GUARANTEE / WITNESS

**For General Loan:**

- 2 employees of BPCL as guarantors and 2 employees of BPCL as witnesses are required

**For Emergency & Festival Loan:**

- 1 employee as witness is required

**Minimum ₹20,000 in Share Account is mandatory for availing loan**

## SECURITY OF MEMBERS' FUNDS

Whenever an employee retires, resigns, or in case of death, Bharat Petroleum Corporation Limited obtains a No-Dues Certificate from the

society before releasing the employee's dues such as gratuity or other benefits.

## MANAGEMENT OF THE SOCIETY

As per the Delhi Co-operative Act and Rules, elections of the managing committee are held once every three years. The managing committee consists of 11 members:

1 President

1 Vice President

2 Female Members

7 Male Members

**After election, these members select among themselves:**

1 Secretary

1 Joint Secretary

1 Treasurer

Thus, the society is managed entirely by employees of Bharat Petroleum Corporation Limited, ensuring safety of members' funds.

## MEMBERSHIP RULES

As per the bye-laws of the society, only employees of Bharat Petroleum Corporation Limited can become members by paying ₹1.

When a member retires or leaves the company for any reason, they cease to be a member of the society.

**New Membership Process (Apply Membership)**

1. Visit: **www.bpcsocietynr.in**
2. Click on "**Apply Membership**"
3. Enter your **EDP Number** and **SUBMIT**
4. Verify all details carefully
5. Name should match bank records to avoid future payment issues
6. Print the form, paste photograph, sign it, and get it verified by Line Manager/Incharge, Attach BPCL ID card and Salary Slip
7. Submit the form to society office via post

8. For any information, contact:

Mr. Rajesh Sharma (Manager)
Mobile: 9541254610
Website: www.bpcsocietynr.in
Email: bharatpetroleumsocietynr@gmail.com

**SPECIAL BENEFIT**

**An additional amount of ₹5000 will be provided from the Common Good Welfare Account**

- This benefit is applicable only in case of retirement or death
- The benefits shall apply only if the member maintains a continuous and unbroken society membership for a minimum period of 10 years.
- This benefit will not be applicable if a member resigns or leaves BPCL

**Thank you.**

Yours sincerely,

**President / Secretary**

Bharat Petroleum Corporation Employees
Co-operative Thrift & Credit Society Ltd., New Delhi-110001